# प्रकृति की रक्षा की खातिर किया वृक्षारोपण

**June 28, 2020 | Less than a minute**



**लखनऊ :** रविवार 28 जून को सुबह 7:30 बजे वसंती पार्क में विराम खंड-5, जनकल्याण समिति और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा एक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान मौजूद रहे आर.एस. मिश्रा, सचिव, जनकल्याण समिति, डॉ. भरत राज सिंह, सलाहकार-पर्यावरणव महानिदेशक, गोरख प्रसाद निषाद, भूतपूर्व मंत्री, भाजपा, उमेश चंद तिवारी, आईएएस (सेवानिवृत्त) और ई.एसबीएल मेहरोत्रा आदि ने प्रकृति की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम को गति देने का आह्वान किया तथा 'सेविंग नेचर एण्ड सेव लाइफ' का नारा दिया| इसके पश्चात कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक और अन्य सदस्यों ने कॉलोनी व आस-पास के इलाके में पेड़ लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया तथा वंहा के नागरिकों ने अपनी शरीर की प्रतिरक्षा बढ़ाने और कोरोना पेंडिकम को हराने के लिए मास्क का उपयोग और 6 फीट की दूरी बनाने की शपथ भी ली।